FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 12-02-2025 थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा वन विभाग की टीम के साथ मारपीट कारित करने वाले नामजद अभियुक्त ध्रुव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर , 02 खोखा कारतूस ,02 जिंदा कारतूस, एक मोटर साइकिल व वन विभाग टीम से छीनी हुई एक रायफल सरकारी बरामद।**

दिनांक 11-02-2025 को वन विभाग शिकोहाबाद रेंज की टीम को नसीरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरिहा के पास बीहड़ में लकड़ी काटने की सूचना मिली जिस पर रेंजर श्री श्यामू सिंह मय अन्य फोर्स के अधिकारी / कर्मचारियों के साथ सूचना पर पहुँचे तो वहाँ लकड़ी काट रहे लोगों द्वारा वन विभाग की टीम के साथ मारपीट की गयी एवं टीम के 02 शस्त्र लेकर चले गए। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी जसराना, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद, प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद, थानाध्यक्ष नसीरपुर, थानाध्यक्ष सिरसागंज मय पुलिस टीम के मौके पर पहुँचे। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। वादी क्षेत्रीय वन अधिकारी शिकोहाबाद रेंज जनपद फिरोजाबाद की तहरीर के आधार पर थाना नसीरपुर पर मु0अ0सं0 24/25 धारा 191(2),191(3),190,115(2),126(2),121(1),132,109 भादवि व 26 वन अधि0 पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं शस्त्रों की बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 12-02-2025 को अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाने जा रहे अभियान के दौरान थाना नसीरपुर पुलिस टीम को मुखबिर खास ने सूचना दी कि वन विभाग की टीम के साथ मारपीट कारित करने वाले नामजद अभियुक्त ध्रुव पुत्र रामखिलाड़ी मोटरसाइकिल से, फरार होने कि फिराक में घूम रहा है सूचना पर तत्काल थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा दतावली चौराहे यमुना एक्सप्रेसवे अण्डर पास के पास सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। एक मोटरसाईकिल पर एक व्यक्ति हरिहा गांव की तरफ से दतावली चौराहे की तरफ आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगा जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी

फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान ध्रुव पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम हरिहा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अन्य नामजद अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम /पताः-

1. ध्रुव पुत्र रामखिलाडी निवासी हरिहा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी –

1. 01 मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्लस।
2. 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर।
3. छीनी गयी सरकारी रायफल 315 बोर (वन विभाग से)

आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0-248/11 धारा-307/504/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0-152/13 धारा147/148/323//504/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0-147/15 धारा-147/148/149/307 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0-184/17 धारा-147/148/149/307/504/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0-73/19 धारा-307 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0-88/21 धारा-147/148/149/307 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0-94/21 धारा-147/148/149/307/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. मु0अ0सं0-208/21 धारा-147/148/149/307/323/336/504/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
9. मु0अ0सं0-30/22 धारा-3/25 ए एक्ट थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
10. मु0अ0सं0-201/23 धारा-41/102 सीआरपीसी व 411/414 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
11. मु0अ0सं0-202/23 धारा-3/25 ए एक्ट थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
12. मु0अ0सं0-18/21 धारा-323/504/506 भादवि थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री राजीव कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. व0उ0नि0 श्री जतिन पाल थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री चन्द्रभान थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. है0का0 गुलाब सिंह थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. एचसी 70 धर्मेन्द्र सिंह थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 247 सोनू कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 97 राहुल थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद।